Railway Trains from Kanyakumari to Calcutta, Ahmedabad and Guwahati

473. SHRI M. VINCENT: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Government are aware of the demand of the pilgrims and' passengers to start trains from Kanyakumari to Calcutta, Ahmedabad, Guwahati etc.; and

(b) if so, whether Government propose to take necessary steps in this regard?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MADHAVRAO SCINDIA): (a) and (b) New trains have re cently been introduced between Co chin and Howrah|Ahmedabad]Gu-wahati|Bombay|Hyderabad|Bilaspur. Due t,j lack of spare line capacity and inadequate through traffic for Kan yakumari, it is not feasible to extend the trains upto Kanyakumari for the present.

पर्यटक केन्द्रों का विकास

474. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश के किन-किन स्थलों को पर्यटन केन्द्रों के रूप में विकसित किया जाना सरकार के विचाराधीन है ; और

(ख) वर्तमान में उत्तर प्रदेश में किन-किन स्थलों पर विकास कार्य चल रहा है ?

नागर विमानन मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री श्री जगदीश टाईटलर) : (क) केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय को वित्तीय सहायता के लिए उत्तर प्रदेश सरकार से निम्नलिखित प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं ;

1. इलाहाबाद में जलक्रीड़ाएं ।

2. गढ़वाल क्षेत्र में गोविंद घाट, ऋषिकेश धनौलती तथा कुमाऊं क्षेत्र में द्वाराहाट, कौसानी, चकोरी, चम्पावत एवं सातताल में आवास सुविधाएं ।

3. दुधवा तथा धनगढ़ी में वन-गृह ।

4. कुमाऊं तथा गढ़वाल क्षेत्रों के लिए पैदल भ्रमण उपकरण ।

5. भोवाली, नैनीताल में यात्री निवास ।

प्रस्तावों के गुणों, परस्पर प्राथमिकताओं तथा निधियों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए वित्तीय सहायता पर विचार किया जाएगा ।

(ख) केन्द्रीय वित्तीय सहायता से उत्तर प्रदेश में जिन स्थानों पर परियोजनाओं का निष्पादन किया जा रहा है, वे इस प्रकार हैं :

फतेहपुर सीकरी, वाराणसी, बृजभूमि, श्रावस्ती, मथुरा, लखनऊ, अयोध्या, हरिद्वार, सुनेल, चोपता, घंघरिया, गौरीकुंड, इलाहाबाद, कोसी तथा कार्बेट, दुधवा तथा चिलहा नेशनल पार्क ।

इलाहाबाद में नये टेलीफोन कनेक्शन के लिये आवेदन पत्र

475. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 25 अक्तूबर, 1987 की स्थिति के अनुसार इलाहाबाद में नया टेलीफोन कनेक्शन पाने के लिए कुल कितने आवेदनपत्र विचाराधीन हैं ;

(ख) ऊपर वर्णित आवेदनपत्रों में से उन आवेदनपत्रों की वर्ष-वार संख्या कितनी है जो 1985, 1986 और 1987 से विचाराधीन हैं ; और

(ग) 1985, 1986 और 1987 में कुल कितने टेलीफोन कनेक्शन बिना बारी के दिए गए और उनका वर्ष-वार ब्यौरा क्या है ?